>

Title: Need to provide special financial package to Textile and Garment Industry of Solapur Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid.

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र सीतापुर की पहचान टेक्सटाईल एवं गारमेंट हब के नाम से है। सोलापुर में उत्पादित होने वाला गारमेंट तथा टेक्सटाईल उत्पादन की मांग केवल देश में ही बल्कि विदेश में भी काफी है। परंतु दुर्भाग्यपूर्ण कोवीड की इस आपदा के कारण सोलापुर की टेक्सटाईल तथा गारमेंट इंडस्ट्री आर्थिक संकट से जूझ रही है। इस इंडस्ट्री को भारत सरकार की ओर से आर्थिक पैकेज मिलना अत्यंत आवश्यक है। आज के हालात देखते हुए गारमेंट यूनिफॉर्म तथा टैक्स्टाईल व्यापारी बैंक के लिए हुए ऋण का हफ्ता भरने की स्थिति में नहीं हैं । भारत सरकार से अनुरोध है कि इन उद्योगों के कर्ज राशि पर बैंक द्वारा लगाए जा रहे ब्याज को अप्रैल 2020 से माफ करना जरूरी है। यदि भारत सरकार इन उद्योगों को आर्थिक मदद करे तो ही सोलापुर का गारमेंट टेक्स्टाईल तथा इस से जुड़ा हुआ उद्योग फिर से सक्षम हो सकता है। इस इंडस्ट्री से लाखों परिवारों का जीवन जुड़ा है। भारत सरकार की ओर से आर्थिक मदद मिलने पर सोलापुर में तैयार होने वाले यूनिफार्म को देश विदेश से पहचान मिल सकती है ।